<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>कुलपति द्वारा किसानों को पावर टिलर वितरित</u>

अखिल भारतीय मक्का अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति उप परियोजना कार्यक्रम में किसानों को पावर टिलर का वितरण विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के करकमलों द्वारा समृद्धि कृषक उत्पादक सहकारी समिति गदरपुर एवं प्रगतिशील कृषक उत्पादक सहकारी समिति काशीपुर के कृषकों को वितरित किया गया। कुलपति ने किसानों से गर्मी के धान के विकल्प के रूप में बसन्तकालीन मक्का को अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डा. दिलीप गोसाई ने मक्का से साईलेज बना कर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर मक्का परियोजना के समन्वयक डा. आर.पी. सिंह, संयुक्त निदेशक शोध डा. पी.के. सिंह, निदेशक प्रसार डा. जितेंद्र क्वात्रा, मुख्य महाप्रबंधक विश्वविद्यालय फार्म डा. जयंत सिंह एवं डा. अजय प्रभाकर ने भी विचार रखे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

किसानों को पावर टिलर वितरित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ।

कार्यक्रम में कृषकों को संबोधित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ।

निदेशक संचार